# क्रियात्मक सिद्धांत

मैग्ना में हमारे विश्व स्तरीय निर्माण में, निम्न सिद्धांतों के आधार पर क्रियात्मक श्रेष्ठता को प्राप्त करने के लिए कर्मचारी और प्रबंधन एक साझेदारी में कार्य करते हैं:

## कर्मचारी ध्यान केंद्र

- हम मानते हैं कि सभी कर्मचारी व्यापार में भागीदार होते हैं
- कर्मचारी नियमावली के मूल्यों को बेहतर बनाकर कर्मचारियों को प्रेरित, ऊर्जावान और सशक्त करते हैं
- लोगों पर ध्यान देते हुए और कर्मचारियों के कार्यशील जीवन को बेहतर बनाकर कर्मचारी की संतुष्टि को प्राप्त करें

## सुरक्षित और स्वास्थ कार्य वातावरण

- सुनिश्चित करें कि सभी कर्मचारियों के पास एक सुरक्षित और स्वास्थ कार्य वातावरण है
- सुनिश्चित करें कि सभी उपकरण और कार्यस्थल प्रयुक्त कानूनो, नियमों और नीतियों का पालन कर रहे हैं
- हमारे शून्य घटना और शून्य लॉस्ट डेज के लक्ष्य की ओर लगातार रूप से कार्य करें

## निर्माण और पूर्ण गुणवत्ता का सम्मान करें

- ग्राहक हितैषी बने; ग्राहक की अपेक्षाओं को पूर्ण करें या उससे अधिक ग्राहक को दें
- "पूर्ण गुणवत्ता" की व्यवस्था को प्रेरित करने के लिए प्रत्येक प्रक्रिया में ध्यान, जिम्मेदारी और अनुशासन बनाए रखें
- हमारी शून्य त्रुटि की नीति की सहायता के लिए सरल, प्रभावी त्रुटि सुधार का प्रयोग करें
- जो भी कार्य हम करें उसमें किसी भी प्रकार की त्रुटियों को न तो स्वीकारें, न निर्माण में आने दें या किसी अन्य स्थान पर भी दिखने वाली त्रुटि को आगे न जाने दें

## ईमानदारी और सम्मान

- कर्मचारियों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, सरकारी अधिकारियों तथा अन्ये के साथ सभी प्रकार के कार्यो को ईमानदारी और सम्मान के साथ करें
- सभी कार्यों में, दोनो पक्ष और मैग्ना के नीति निर्देशक और नैतिकता व प्रयुक्त कानूनो का सम्मान करें
- ईमानदार और नैतिक व्यापारिक कार्य को बनाए रखने के लिए आवश्यक सहज बोध और बेहतर समझ का प्रयोग

## क्रियात्मक प्रभाविकता

- क्षमता पर ध्यान केंद्रित रखें और हमेशा उत्पाद मानकों और उत्पादन आवश्यकताओं को पूर्ण करें
- क्रियात्मक लक्ष्यों, उद्देश्यों और शॉप फ्लोर पर कार्य की क्षमता को स्पष्ट रूप से दर्शाएं, जिससे सभी इसके प्रति जागरूक रहें और सभी क्रियाएं अपनी श्रेष्ठता और कंपनी के लक्ष्यों की ओर उन्मुख हों
- सुनिश्चित करें कि सभी टीमें उत्तरदायी हों और क्रियात्मक लक्ष्यों और उद्देश्यों की प्राप्ति में भाग ले रही हों
- पूंजी व्यय के किसी निर्णय को लेने से पूर्व क्रियात्मक रचनात्मकता का प्रयोग करें और सरलता व लचीलापन को बनाए रखने के लिए लीन तरीकों, साथ ही साथ कर्मचारी के कार्य ज्ञान का प्रयोग करें
- सुनिश्चित करें कि कार्यशील पूंजी को बेहतर बनाने के लिए माल सूची के स्तरों, समय-सीमाओं और उत्पादन काल को मुख्य क्रियात्मक सूचक (केओआई) कहा जाता है
- जहां समस्याएं हो रही हों वहां समस्याओं को सुलझाने के लिए "जाएं और देखें" को अपनाएं, कार्यस्थल की समस्याओं को ऑफिस में नहीं सुलझाया जा सकता है

## कबाड़ और अपव्यय को दूर करना

- लीन तरीकों और Mafact के जरिए, सुनिश्चित करें कि प्रत्येक प्रक्रिया का प्रत्येक चरण गुणवत्ता वर्द्धन और त्रुटि सुरक्षा से युक्त है
- अपव्यय को वैल्यू स्ट्रीम मैपिंग, स्टैंडर्डाइज्ड वर्क, क्विक चेंजओवर, विजुअल मैनेजमेंट, 5एस जैसे उपकरणों और Mafact में उपलब्ध अन्य लीन उपकरणों की सहायता से हटा दें
- अपव्यय के सात रूपों–विलंब, गति, सामग्री आवागमन, त्रुटियों, अति उत्पादन, माल सूची और प्रक्रिया-की पहचान करें और उन्हें हटाये तथा दक्षता में लाभ, स्थल पर स्थान की उपलब्धता और माल सूची में कमी के लिए प्रयास करें

## क्रियात्मक उपलब्धता

- यह सुनिश्चित करने के लिए कि जिस समय आवश्यकता हो उस समय उपकरण 100 प्रतिशत उपलब्ध रहे और प्रक्रिया की क्षमता और रख रखाव के व्ययों को कम करने के लिए एक टोटल प्रोडक्टिव मेंटेनेंस कार्यक्रम का पालन करें
- हमेशा उत्पाद लाइनों, डाईयों, मोल्डों आदि के परिवर्तन पर ध्यान बनाए रखें

## संवाद

- सम्मानपूर्ण रूप से, खुले रूप से, ईमानदारी से और एक समयानुकूल व्यवस्था में संवाद करें
- सुनिश्चित करें कि कर्मचारियों को निर्देश देने के लिए और परियोजनाओं, सुधारों और प्रतिदिन के प्रदर्शन के बारे में सूचना देने के लिए विभागों की मीटिंगें लगातार हो रही हैं
- व्यवस्था, ओपेन डोर प्रक्रिया और अन्य संवाद व्यवस्थाओं में मौजूद प्रत्येक व्यक्ति के साथ लगातार होने वाले संवादों के जरिए प्रतिक्रिया देने को प्रेरित करें

## सम्मान और पुरस्कार

- बेहतर रूप से किए गए एक कार्य के लिए टीमों और व्यक्तियों का सम्मान करें
- परिचालन सुधार के सुझावों के लिए टीमों और व्यक्तियों को पुरस्कृत करें

MAGNA

OPMHiIN201508